M 2217

Reg. No. : ....

Name : ....

DON BOSCO ARTS AND SCIENCE COLLEGE LIBRARY ANGADIKADAVU

III Semester B.A./B.Sc./B.Com./B.B.A./B.B.A.T.T.M./B.B.M./B.C.A./B.S.W./ B.A. Afsal-Ul-Ulama Degree (CCSS-Reg./Supple./Improv.) Examination, November 2012

COMMON COURSE IN HINDI

3A 09-HIN : Translation And Communication Skills in Hindi

Time : 3 Hours Total Weightage : 25

निर्देश : निम्नलिखित **छः** प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर लिखिए : **(Weightage 1×5=5)**

1. हिन्दी शब्द लिखिए :
   अ) Potato
   आ) $19\frac{3}{4}$
   इ) Home Minister
   ई) Fever

2. शुद्ध कीजिए :
   अ) मुझे आ सका।
   आ) शीला ने गाना गा चुका।
   इ) वह लेख लिखना चाहिए।
   ई) राम को एक बहन है ।

3. सही मिलन कीजिए :

अ) काया पलट होना	:	क्रोधित होना
आ) तितर-बितर होना	:	कायर होना
इ) दाँत पीसना	:	बिलकुल बदल जाना
ई) चूडियाँ पहनना	:	बिखर जाना

4. प्रस्तुत कहावतों का अर्थ कोष्ठकों से चुनकर लिखिए :

अ) फूला न समाना।

(दुखी होना, खुश होना, लज्जित होना, चकित होना)

आ) अपना उल्लू सीधा करना।

अपना काम निकालना, गाली देना, मूर्ख बनाना, पाप करना)

इ) दाग लगना।

(प्रशंसा होना, सन्देह होना, बूढा होना, कलंक लगना)

ई) लोहा लेना।

(बंदूक लेना, प्रारंभ करना, सामना करना, डर जाना)

5. खाली जगहों को प्रत्ययों से भरिए :

काश्मीर _______ तीसरी प्रमुख झील _______ नाम मानस बल है, जो बूलर और डल, दोनों _______ अपेक्षा अधिक गंभीर है। मानस बल _______ जल गहरा और नील वर्ण का है।

6. खाली जगहों को भरिए :

अ) राम ने रावण _______ मारा।

आ) आप के पिताजी का नाम _______ है ?

इ) वह काम _______ लगा ।

ई) _______ कुरसी पर बैठिए।

निर्देश : निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : **(Weightage 4×2=8)**

7. एक स्कूटर खरीदने के लिए उधार की सुविधा माँगते हुए नोरत मलबार ग्रामीण बैंक के स्थानीय प्रबंधक के नाम पत्र लिखिए।

8. अपनी बहन के विवाह का वर्णन करते हुए आपके किसी मित्र को पत्र लिखिए।

9. दिल्ली से भेजा गया पार्सल लंबी अवधि के बाद भी प्राप्त न होने की शिकायत करते हुए स्थानीय रेलवे अधिकारियों को पत्र लिखिए।

निर्देश : निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लिखिए : **(Weightage 4×1=4)**

10. आपके कालेज के छात्र–संघ के अध्यक्ष से संभावित भेंट–वार्ता तैयार कीजिए।

11. दूकानदार और ग्राहक के बीच का वार्तालाप तैयार कीजिए।

12. संकेतों के सहारे कहानी लिखिए :

    किसान मृत्यु शय्या पर ___ आलसी पुत्रों के भविष्य पर चिन्तित ___ पुत्रों को पास बुलाया ___ घर के पिछवाडे बाग में निधि ____ पिता की मृत्यु के बाद पुत्र निधि की तलाश में ___ उपजाऊ बाग ____ पुत्र संपन्न ___ उज्वल भविष्य। मेहनत की आवश्यकता।

निर्देश : किसी **एक** अंश का **हिन्दी** में अनुवाद कीजिए। **(Weightage 4×1=4)**

13. Johny dreamed that he had died and after the funeral found himself in a well-furnished gigantic room. He rested on a chair for a while but soon began to get bored. "Is there anybody here" ? He shouted.

    In a minute an attendant appeared. "What do you want ?" he asked. "What can I have ?" Johny asked.

    The attendant answered "Anything you want". Johny asked for something to eat. The attendant brought him what he wanted.

14.

Govind	:	Bhabhi, Bhaiya won about Rupees 10,000 in gambling.
Babhi	:	Ten thousand Rupees ?
Govind	:	Yes, Ten Thousand Rupees. But he bet the whole lot again and lost it.
Bhabhi	:	Lost it ?
Govind	:	Yes, lost it.
Bhabhi	:	Useless idiot-he should drop dead.
Govind	:	He did Bhabi. The shock killed him.
Bhabhi	:	Good for him. Otherwise I would have killed him myself.

निर्देश : किसी **एक** खंड का संक्षेपण कीजिए : **(Weightage 4×1=4)**

15. भोजन, वस्त्र और आवास मनुष्य की नितांत आवश्यकताएँ हैं। ये वस्तुएँ सस्ती और सुलभ होनी चाहिए ताकि मनुष्य अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति सुगमतापूर्वक कर सके। लेकिन यह बडे दुर्भाग्य की बात है कि ये तीनों चीज़ें दिन–ब–दिन महँगी होती जा रही है। ज़ाहिर है कि महँगाई के कारण जनसाधारण अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं कर सकता और आर्थिक चिन्ता के भार से इस कदर दब जाता है कि उसकी सारी हँसी–खुशी छिन जाती है। उसकी कार्यक्षमता कम हो जाती है और इसका प्रभाव उसकी आमदनी पर भी पडता है।

16. दक्षिण भारत में हिन्दी की प्रगति देखकर मुझे असीम प्रसन्नता होती है। समूचे भारत के लिए एक सामान्य भाष्या की आवश्यकता है । हिन्दी को राष्ट्र–भाषा बनाने में अनेक सुविधाएँ हैं। हिन्दी के द्वारा प्रादेशिक भाषाओं की हानि होने की कोई संभावना नहीं है। सारे भारत को एक डोरी में बाँधने के लिए हिन्दी एक सुन्दर सूत्र है। कुछ लोगों की शिकायत है कि दूसरी भाषाएँ सीखना मुश्किल है। परन्तु वास्तव में इसमें कोई कठिनाई नहीं है। यूरोप में अपनी मातृ–भाषा के अलावा चार–पाँच भाषाएँ जाननेवाले लोगों को आप देख सकते हैं।